**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**
**संख्या– 1757 / सत्तर–3–2019**

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1– मा0 कुलपति,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2– निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

3– कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

4– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 26 अगस्त, 2019

विषयः– दिनांक 29.08.2019 को "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" कार्यक्रम की शुरूआत किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भारत सरकार ने नागरिकों के दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों व खेल (Physical Acitivities & Sports) के माध्यम से "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" की शुरूआत करने का निर्णय लिया है। इस सम्बन्ध में भारत सरकार के सचिव, खेल व सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग से आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु दिशा–निर्देश प्राप्त हुए हैं।

2– "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" का शुभारम्भ दिनांक 29 अगस्त, 2019 को इन्दिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रातः 10:00 बजे किया जायेगा, जिसका सजीव प्रसारण दूरदर्शन द्वारा पूरे देश में होगा।

3– इस सम्बन्ध में प्राथमिकता के आधार पर निम्नलिखित कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गयी है :–

(क) राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" के शुभारम्भ के कार्यक्रम का दिनांक 29 अगस्त, 2019 को प्रातः 10:00 बजे से सजीव प्रसारण को स्कीन लगाकर छात्रों के देखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

(ख) मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा उक्त अवसर दिलायी जाने वाली "फिटनेस शपथ" को सभी छात्र, जनप्रतिनिधि व नागरिक ग्रहण करें व अमल में लाये।

(ग) प्रत्येक शिक्षण संस्था द्वारा "संस्थागत फिटनेस प्लान" भी तैयार किया जाये एवं उसको पाठ्यक्रम का अंग बनाने के लिए प्रेरित किया जायें, जिसमें प्रतिदिन प्रत्येक संस्था में फिटनेस गतिविधियों हेतु समय निर्धारित किया जाय। ऐसा करना शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व छात्रों के लिए महत्त्वपूर्ण होगा एवं जीवन्त राष्ट्र की स्थापना में सहायक होगा। विश्वविद्यालय एवं संस्था फिटनेस की आवश्यकता और संस्कृति को परिसरों में प्रचारित एवं प्रसारित करें। उक्त फिटनेस कार्ययोजनाओं का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण शासन स्तर से किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

(घ) दिनांक 29 अगस्त, 2019 को प्रत्येक संस्था में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की छोटी वीडियो क्लिप बना लें एवं सामूहिक कार्यक्रमों की फोटो भी सुरक्षित रखें जिन्हें रिकार्ड के तौर पर कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय तथा समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारीगण, उ0प्र0 के माध्यम से दिनांक 29.08.2019 सायं 04:00 बजे तक ई–मेल upshec@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

4– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया व्यक्तिगत ध्यान देकर उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

26.08.19

( राजेन्द्र कुमार तिवारी )
अपर मुख्य सचिव।

**अतिआवश्यक**

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

पत्रांकः जे0एन0सी0यू0/आर0कैम्प(सा0प्र0)/820/2019 दिनांकः 27 अगस्त, 2019

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वित्त अधिकारी
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध अनुदानित, राजकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
3. समन्वयक, एन0सी0सी0/एन0एस0एस0/रोवर्स रेंजर/खेल–कुद
4. डॉ0 अतुल कुमार, समन्वयक, विश्वविद्यालय परिसर
5. उप कुलसचिव को बेव साइट एवं कालेज लाग इन पर अपलोड हेतु

(संजय कुमार)
कुलसचिव

Scanned with CamScanner